
_____ *दिनांक*


# भर–भर छप–छप

छप छप छपाई वाले पन्ने में हमने .......... से छपाई की थी। उस पन्ने को फिर से देखो। कैसे की थी हमने छपाई?



यहाँ पर भी हम छपाई करेंगे। पर इस बार कुछ और चीज़ों के साथ। ये छाप भिंडी के टुकड़ों से बनी है। और किन-किन चीज़ों से छाप बन सकती हैं?


सामने के चौकोर को देखो। बताओ इसमें आलू वाले कितने डिज़ाइन छाप सकते हो?




और भिंडी वाले कितने आयेंगे? यह पता करने के लिए कॉपी में इतना ही बड़ा चौकोर बनाओ। फिर उसमें भिंडी वाले छाप सटा-सटाकर लगाओ और गिनो।

• *अगर छाप सटा-सटाकर नहीं लगे हों तो क्या होगा?*





बताओ इस गोले को भरने के लिए कितने भिंडी वाले छाप लगेंगे?



अच्छा, नाव में कम छाप लगेंगे कि उसके पाल में? कितने कम?

• *अब अपनी मर्ज़ी से कागज़ पर कई चित्र बनाओ और उसमें छपाई करो।*



दिनांक

# संख्या चार्ट पर जोड़, घटा, गुणा के पैटर्न

इस चार्ट में 0 से 100 तक की संख्याएँ लिखी हैं। इसकी सहायता से तुम जोड़, घटा, गुणा कर सकते हो और मज़ेदार पैटर्न भी देख सकते हो।

जोड़ना: जोड़ करने के लिए इस ➡ दिशा में चलना होता है। अगर तुम्हें 2 में 3 जोड़ना है तो 2 पर शुरू करो और 3 खाने आगे गिनो। कितने पर पहुँचे? 2 कंकड़ और 3 कंकड़ जोड़कर देखो। क्या उत्तर वही आया जो संख्या चार्ट पर आया था?



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 |
| 40 | 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 |
| 50 | 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 60 | 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 |
| 70 | 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 |
| 80 | 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 |
| 90 | 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 |
| 100 | | | | | | | | | |

**घटाना:** घटाने के लिए इस ⬅ दिशा में चलना होता है। 8 में से 2 घटाना है तो चार्ट पर 8 से शुरू करो और 2 खाने पीछे गिनो। कितने पर पहुंचे? 8 कंकड़ में से 2 कंकड़ निकालो। कितने बचे? क्या चार्ट पर चलने से और कंकड़ से गिनने पर उत्तर एक ही आया?

इस चार्ट पर जोड़ घटा के और सवाल भी करो। एक बच्चा सवाल दे और दूसरा हल करे।

गुणा: अगर 3 में 4 का गुणा करना है तो 0 से गिनना शुरू करो। तीन घर गिनो यानी 3 पर कंकड़ रखो। फिर से 3 घर गिनो और कंकड़ 6 पर रखो। एक बार और 3 घर गिनो- 9 पर कंकड़ रखो। अब चौथी बार 3 घर गिनो 12 पर कंकड़ रखो।

3 घर 4 बार गिने तो 12 पर पहुँचे यानी $3 \times 4 = 12$ ऐसे और सवाल करो।

दिनांक

*अपने पैटर्न बनाओ*

बिरजू और सुशीला ने चार्ट पर पैटर्न बनाने का खेल खेला। बिरजू ने कहा 4 से शुरू करो और हर तीसरे घर पर रुको। सुशीला ने ऐसा ही किया। जहाँ रुकती, वहाँ एक कंकड़ रख देती। ऐसा करते हुए वह 16 तक पहुँची - फिर सुशीला ने अपना पैटर्न यूँ लिखा-

4 7 10 13 16

अब सुशीला ने कहा 28 पर शुरू करो और उल्टे चलते हुए हर पाँचवे घर पर रुको। ऐसा करके 3 तक पहुँचो। बिरजू यह पैटर्न कैसे लिखेगा नीचे लिखो।

■ नीचे लिखे पैटर्न बनाओ।

- 25 से उल्टे चलकर कर हर पाँचवें घर पर रुको। 5 तक पहुँचो।

  25 , 20 , , , , ,

- 3 से आगे चलो। हर चौथे घर पर रुकते जाओ।27 तक पहुँचो।

  3 , 7 , , , , , , 27

- 7 से आगे चलो, हर तीसरे घर पर रुकते जाओ, 25 तक पहुँचो।

  7 , 10 , , , , , , 25

- 44 से पीछे चलो, हर छटवें घर पर रुकते जाओ, 14 तक पहुँचो।


  44, 38, , , , 14


दिनांक

# बिल्ली मौसी



बिल्ली मौसी कहां से आई?
बेटा मैं शादी हो आई।
वहा पे तुमने क्या देखा बाई?
बेटे मैंने देखा हलवाई।
फिर तुमने क्या पूड़ी खाई?
नही, मैंने तो खीर गिराई।
फिर तो तुमने मौज उड़ाई।
नहीं मैंने तो खाई पिटाई।






- कॉपी में लिखो



- शादी पर कौन गयी थी?
- बिल्ली को शादी से क्यों भगाया होगा?
- बिल्ली ने शादी में क्या खाया?
- हलवाई क्या-क्या बना रहा होगा?

- **नीचे शादी का चित्र बनाओ।**



- तुमने कभी कोई शादी देखी है?
- कहाँ पर?
- क्या-क्या होता है शादी में?


- **आगे ऐसी ही आवाज़ वाले शब्द जोड़ो**

खाई, गाई, आई, ———————————————— मिठाई

शादी, दादी, ————————————————


____दिनांक

# सिक्का खेल




दो-दो या चार-चार की टोली में बैठो। अब हर टोली के लिए एक सिक्का लेकर आओ।

पहले सब एक-एक बार सिक्का उछालकर देखो – चित आया या पट?

चित ऐसा होता है  और पट ऐसा होता है। 

अब हर साथी दस-दस बार सिक्का उछाले। जब चित आये तो नीचे की तालिका में चित के नीचे सही (✓) का निशान लगाओ और पट के नीचे गलत (✕)।



| चित | पट |
|---|---|
| | |

| चित | पट |
|---|---|
| | |

| चित | पट |
|---|---|
| | |

| चित | पट |
|---|---|
| | |

तालिका में देखो। क्या कहीं एक साथ चित ही चित आया?

एक बार में लगातार सबसे ज़्यादा चित ही चित किसके आए?

इसी तरह पट ही पट के बारे में भी देखो।

**सब तालिका को जोड़ कर बताओ :**


कुल कितनी बार सिक्का उछाला? ............

चित कितनी बार आया? ................

पट कितनी बार आया? ................

दिनांक

# पत्ते और पत्ते



तुमने पलाश का पेड़ देखा होगा। उसके पत्ते खूब बड़े-बड़े होते हैं पलाश के पत्ते 3-3 के झुंड में लगते हैं। बेलपत्री के पत्ते भी 3-3 के झुंड में लगते हैं।

क्या कुछ और ऐसे पेड़ या पौधे हैं जिनमें पत्ते 3-3 के झुंड में लगते हों? नीचे इनके नाम लिखो।

---



इमली, गुलमोहर, नीम आदि पेड़ों पर छोटी-छोटी पत्तियाँ होती हैं। ये पत्तियाँ दो-दो की जोड़ी में एक दूसरे के आमने-सामने लगती हैं।

इमली की एक टहनी पर कितनी पत्तियाँ होंगी?
नीचे से गिनना शुरू करें तो –
पहली जोड़ी तक; एक जोड़ी में ------------------
दूसरी जोड़ी तक; दो जोड़ी में ------------------
तीसरी जोड़ी तक; तीन जोड़ी में ------------------

इस तरह हम और आगे भी बढ़ सकते हैं।
अब इसी तरह पलाश की पत्तियों के झुडों मे पत्तियों को गिन कर देखो।

इमली और पलाश की पत्तियाँ गिन कर नीचे खानों में भरो। पहले इमली की –

इमली

| एक जोड़ी | दो जोड़ी | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | | | | | | | | |

12 जोड़ी वाली इमली की टहनी में कितनी पत्तियाँ हैं?

दिनांक

पलाश

| एक झुंड | दो झुंड | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | | | | | | | | |

मोगरा, चमेली, सेमल, पुआंड़, गुलाब, करंजी ( कंजी ), बलासी, चांदनी, कबीट, विलायती इमली ( जंगल जलेबी ), चिरोटिया आदि की पत्तियों को देखो। क्या इनकी पत्तियाँ भी कुछ निश्चित संख्या के झुंडों या जोड़ियों में रहती हैं? छाँट कर यहाँ उनके नाम लिखो।

इनमें से 5, 7, 9 झुंड वाली पत्तियां ढूँढो।
इनके लिए भी पलाश के लिए बनी तालिका जैसी तालिका कॉपी में बनाओ।

- और भी पत्तियां देखो। कौन-सी जोड़ियों में होती है और कौन-सी झुंड में? सभी पत्तियों को देख कर नीचे की तालिका भरो।

| क्रम | पत्ती जोड़ी में | पत्ती 3 के झुंड मे | 4 के झुंड में | 5 के झुंड में | 6 के झुंड में | 7 के झुंड में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नीम | पलाश ( ढाक ) | विलायती इमली | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

तालिका को सभी पत्तियों के लिए 10 झुंड तक कॉपी में आगे बढ़ाओ। कॉपी में पत्तियों के चित्र भी बनाओ।